# लोस चुनाव में जनता ने महंगाई, बेरोजगारी और संविधान की रक्षा के मुद्दे पर दिया वोट : डी राजा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद के केंद्रीय कार्यालय रांची में शनिवार को भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड डी राजा के दो दिवसीय झारखंड आगमन पर राज्य सचिव कामरेड महेंद्र पाठक एवम राज्य परिषद के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वहीं रांची जिला के साथियों द्वारा झारखंड का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए डी राजा ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में जनता ने महंगाई,बेरोजगारी और सविधान की रक्षा के सवाल पर वोट दिया है। मोदी सरकार को सबक सिखाने का काम किया है। पूर्ण बहुमत की सरकार न बनाकर गठजोड़ की सरकार बनाया है। इस मौके पर कम्युनिस्ट पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर कई सामाजिक और राजनैतिक लोगो ने कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण कॉम.डी राजा के समक्ष किया। डी राजा ने नए साथियों को पार्टी का झंडा और अंग वस्त्र ओढ़ाकर पार्टी में शामिल कराया। शामिल होनेवालों में मुख्य रूप से प्रसिद्ध समाजसेवी नीरज सिंह,सुशांतो वर्धन, राधिका तिवारी, सपना सिंह शामिल है।

महासचिव डी राजा ने झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत पर कहा कि न्यायपालिका के प्रति झारखंड के लोगों का विश्वास बढ़ा है। यह झारखंड की जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए जो भविष्य में विधानसभा चुनाव के लिए जो रणीति बनेगी उसमें सीपीआई की भूमिका तय की जाएगी। देश के इंजीनियरिंग उद्योग के जन्मदाता झारखंड में एचईसी की दयनीय स्थित एवं दुर्दशा पर कॉमरेड डी राजा ने देश के प्रधानमंत्री से जवाब मांगते हुए कहा कि लगभग 24 माह से एचईसी के मजदूरों का वेतन बकाया है और प्रधानमंत्री विश्व गुरु की बात करते हैं।

सदस्यता सम्मेलन में सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय सिंह, पीके पांडे, केडी सिंह के अलावा पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिविल कोर्ट में न्यायिक पदाधिकारियों की मौजूदगी में तीन नये कानून पर मंथन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** देश में एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) लागू किये जाने हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए स्थानीय जज कॉलोनी स्थित मल्टी पर्पस हॉल में झारखंड न्यायिक एकेडमी के दिशा-निर्देश पर शनिवार को बैठक कर इन तीनों आपराधिक कानून पर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने की। बैठक में सभी न्यायिक पदाधिकारियों को 10 अलग-अलग समूहों में बांटा गया था और सभी को नये कानून से संबंधित एक-एक खंड दिया गया था। इस पर न्यायिक पदाधिकारियों ने गहन मंथन किया और उक्त विषय पर अपने-अपने मंतव्य देकर एक-दूसरे से जानकारी साझा की। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय के दो महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी चर्चा की गयी। इनमें टरसेम लाल बनाम डायरेक्टोरेट इंफोर्समेंट और जलंधर जोनल ऑफिसर व बाबू साहेबागौड़ा बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटक है। अभियुक्तों के कोर्ट में बेल एवं उनकी उपस्थिति से संबंधित प्रावधानों पर चर्चा की गयी। न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने भी न्यायिक पदाधिकारियों को नये आपराधिक कानून के बदले हुए प्रवधानों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान रांची सिविल कोर्ट के सभी माननीय न्यायिक पदाधिकारियों के साथ-साथ विधि के छात्र-छात्राएं और न्यायालयकर्मी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### माई कीड्स स्कूल में पैरेंट्स डे मनाया गया



**रांची।** डॉ मनोहर लाल गोयल, श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को माई कीड्स स्कूल में पैरेंट्स डे मनाया गया। इस प्रोग्राम में पैरेंट्स एक्शन पासिंग गेम, टंग ट्विस्टर्स, बैलून गेम्स, 1 मिनट में चूड़ियां पहनना, परफेक्ट सर्कल शेप रोटी, 1 मिनट में साड़ी पहनना, गुब्बारे फोड़ना और दमशरस जैसे गेम भी खेला गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल की प्राचार्य, ईशा गोयल, स्कूल के शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का योगदान था।

### चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान युवती बची

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म दो में चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैर फिसलने से एक युवती ट्रेन के नीचे चली गयी। गनीमत रही कि युवती को गंभीर चोट नहीं आयी। महिला की पहचान मोनिका कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, युवती को तमिलनाडू जाना था। जब वह एल्लपी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 13351) पकड़ने के लिए स्टेशन पहुंची तो ट्रेन खुल चुकी थी। युवती ट्रेन पकड़ने के लिए दौड़ी और चलती ट्रेन में ही चढ़ने की कोशिश की। इसी दौरान उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह पटरियों पर आ गयी। हादसे के दौरान प्लेटफॉर्म में खड़े आरपीएफ के जवान ने युवती को गिरते देखा। उसने आनन-फानन में ट्रेन रुकवाया और युवती को खींचकर बाहर निकाला।

### निर्मला कान्वेंट हाईस्कूल में पौधारोपण प्रतियोगिता



**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में शनिवार को पर्यावरण के महत्व को समझने के लिए पौधारोपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तरह-तरह के फलदार, पुष्प युक्त तथा सीजनल पौधे इत्यादि लेकर विद्यालय पहुंचे तथा छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में पौधरोपण किया और यह शपथ ली की हम अपने आसपास साफ सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे और पर्यावरण की रक्षा करेंगे। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा तथा शिक्षकों ने भी छात्र-छात्राओं के साथ पौधरोपण किया।

### 30 तीर्थयात्रियों का जत्था अमरनाथ रवाना

**रांची।** बाबा अमरनाथ की यात्रा 29 जून से शुरू हो गयी है। ऐसे में श्री अमरनाथ दर्शन के लिए हर जगह से तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना हो रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रांची के हटिया से जय भोले के नारे के साथ 30 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना हुआ। यह जत्था 1 जुलाई को बाबा बर्फानी के दर्शन करेगा। इसके बाद सभी लोग श्रीनगर के श्री शंकराचार्य मंदिर, माता वैष्णो देवी और शिव खोड़ी के दर्शन करते हुए 8 जुलाई को रांची लौटेंगे।

### आज रिटायर होंगी रांची सदर की बीड़इओ



**रांची।** रांची सदर की अर विद्यालय निरीक्षक कुमुदिनी उषा 30 जून को रिटायर कर जायेंगी। इसके लिए बीआरपी-सीआरपी और शिक्षकों की ओर से उनके सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 30 जून को रविवार होने के कारण बीआरसी रांची की ओर से उन्हें शनिवार को ही विदायी दी गयी। प्रखंड संसाधन केंद्र रांची सदर के सभागार कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में बीईईओ उषा के परिवार के सदस्यों में उनके पति एवं उनकी पुत्री के अलावा प्रखंड के शिक्षक एवं कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे। समारोह के दौरान शिक्षकों ने श्रीमती उषा को शॉल ओढ़ाकर एवं उनके कार्यो से संबंधित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीपीओ आभा कुमारी, कुमार रोहित, संजय कुमार, प्रियंका सिंह, अनुपमा कुमारी, कौकब फिरदौस के अलावा प्रखंड के शिक्षकों में अशोक प्रसाद सिंह, श्याम कुमार, डॉ ज्योत्सना मिश्रा, बैतूल सुधर्म, तिरुपति रेनू, रजनी टोप्पो, प्रकाश चंद्र दास, भूपेश श्रीवास्तव एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## रामधारी सिंह दिनकर की 50वीं पुण्य स्मृति पर डीएसपीएमयू रांची में व्याख्यान शृंखला

# ...जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है : डॉ टीके शांडिल्य

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डीएसपीएमयू के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग एवं राष्ट्रकवि दिनकर प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को दिनकर की 50वीं पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में रश्मिरथी संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने दिनकर की इन पंक्तियों से शुरूआत की, जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है। उन्होंने कहा कि कहा कि यह पंक्तियां और उनकी कविताएं हमें जीवन में अनुशासन और संस्कार सिखाते हैं। दिनकर एक कुशल राजनीतिज्ञ, प्रशासक, कवि, साहित्यकार के रूप में बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। जेपी आंदोलन में सिंहासन खाली करो कि जनता आती है.....पंक्तियां काफी महत्वपूर्ण और सार्थक रही। आज भी इनकी कविताएं प्रासंगिक हैं। डॉ शांडिल्य ने कहा कि दिनकर अपनी राष्ट्रवादी कविताओं के परिणामस्वरूप विद्रोही कवि के रूप में उभरे। उनकी कविताओं में वीर रस झलकता था और उनके प्रेरक देशभक्ति रचनाओं के कारण उन्हें राष्ट्रकवि और युगचरण के रूप में सम्मानित किया गया।

उन्होंने दिनकर की पहली रचना रेणुका का उल्लेख करते हुए कहा कि यह तीस के दशक में प्रकाशित हुई थी और उनके द्वारा प्रकाशित हुंकार ने देश के युवाओं में एक ऊर्जा का संचार कर दिया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनकर के पौत्र ऋत्विक उदयन ने कहा कि रश्मिरथी संवाद के जरिए हम दिनकर साहित्य को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहते हैं। इस श्रृंखला के तहत पूरे भारतवर्ष के विभिन्न संस्थानों में 50वीं पुण्य स्मृति पर 50कार्यक्रम आयोजित होंगे। दिनकर प्रतिष्ठान के साकेत कुमार ने रश्मिरथी का पाठ करते हुए उसकी व्याख्या की एवं कई तकनीकी पहलुओं से दिनकर साहित्य के प्रचार प्रसार करने की बात कही। डॉ जंग बहादुर पाण्डेय ने दिनकर को आग और राग के कवि के रूप में व्याख्या की। इससे पहले हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ जिन्दर सिंह मुण्डा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दिनकर जनकवि हैं एवं इनके लेखनी और करनी में समानता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ मृत्युंजय कोईरी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ जितेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में संगीता कुमारी, संजय, रेखा, सुधीर, नेहा, रजनीश एवं हिन्दी विभाग के सभी विद्यार्थियों की सराहनीय भूमिका रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# जल संरक्षण के प्रति उदासीनता भयावह संकट का होगा कारण : डॉ. नीता पांडेय



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जल प्रकृति प्रदत्त एक अनमोल उपादान है। जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना बेमानी है। दुर्भाग्यपूर्ण रूप से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का अभाव है जो भविष्य के लिए भयावह सिद्ध होगा। इसलिए बच्चे, शिक्षक, अभिभावक और आम नागरिकों को इस दिशा में पूरी शिद्दत के साथ प्रयास करने की जरूरत है। ये बातें शनिवार को कैंब्रियन स्कूल की प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने 'अनमोल जलः आज और कल' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बच्चों और शिक्षकों को अपने घर और मोहल्ले में जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का आह्वाान किया। इससे पहले रांची शहरी क्षेत्र के कई मोहल्लों में जल के उपयोग, बबार्दी और नागरिकों द्वारा जल संरक्षण के लिए प्रयासों की जानकारियां साझा की। आलोक राज, वेद शर्मा और परी ने जल संरक्षण के विभिन्न आयामों की जानकारी दी। छात्रा आस्था, आयुषी द्विवेदी, शुभ चौधरी, शैलजा शाहदेव, मोक्ष शर्मा, खुशी सिंह, गौरवी सिंह, वैष्णवी टोप्पो, शिवांगी सिंह, अनन्या चौबे, इशानी दास सहित कई बच्चों ने पोस्टर बनाया। छात्राओं द्वारा तैयार नृत्य नाटिका' जल है तो कल है' दिखाया गया। कार्यक्रमों का संयोजन चीफ एक्टिविटी कॉर्डिनेटर आशा राज ने किया। बच्चों ने गौतम कुमार नायक और शिक्षिका परिणीता राय के निर्देशन में कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# नशा मुक्त जागरूकता अभियान किया शुरू

**रांची।** झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश और एनसीबी के संयुक्त प्रयास से नशा मुक्त जागरुकता कार्यक्रम की शुरूआत शनिवार को हुई। झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मौके पर डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने कहा कि नशा हर बुराई का जड़ है। इस जड़ को समाप्त करने की जरूरत है। वहीं एनसीबी के एसपी शारिक उमर ने अपने कार्यों पर कहा कि अफीम, ड्रग्स, डोडा जब्त किया गया है, हम लोग कर भी रहे हैं लेकिन इसको जड़ से खत्म करने के लिए समाज से जुड़े लोगों को आगे आना होगा तभी नशा जैसी बीमारी को मिटाया जा सकता है। निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि यह मुहिम काबिले तारीफ है जितनी प्रशंसा की जाए कम है। झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रवक्ता गुलाम जावेद और धन्यवाद ज्ञापन जमीयतुल कुरैश कांटा टोली के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी ने किया। इस अवसर पर सज्जाद इदरीसी, एजाज गद्दी, रफीक, शकील, सोहेल खान, फिरोज, टिंकू राम, बबलू, बारीक, जमीयतुल कुरैश पंचायत के उपाध्यक्ष अफरोज, महासचिव परवेज कुरैशी, मुस्तफा कुरैशी, मोइन कुरैशी, मोकतार कुरैशी, इम्तियाज मुन्ना, शाबिर कुरैशी, इमाम-ए-सलाम, जामा मस्जिद कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला के इमाम मंजूर हसन बरकाती, जमाल कुरैशी, नौशाद कुरैशी, मुमताज कुरैशी, औरंगजेब खान, हसीब, हाजी मिन्हाज, अवेश कुरैशी मुन्ना, मकसूद आलम, सदाम मिठ्ठू, मोहन राम, अधिवक्ता शुभ नारायण दत्त, राहुल सिन्हा, लोअर बाजार थाना क्षेत्र के टीओपी के एसएसआइ मंटू सिंह, भीम सिंह, जाकीर, भोलू, महिला नेत्री मधु तिर्की, शाबिर अंसारी, चिश्तिया पंचायत के अध्यक्ष इस्तियाक, मो फारुख, महताब, अफताब, मो आसिफ आदि थे।

# सेवानिवृत्त हुए सीसीएल के 86 कर्मचारियों को दी गयी विदायी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** जून महीने में सीसीएल से 86 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। मुख्यालय से 6 कर्मी रिटायर हुए। इन्हें मुख्यालय सहित क्षेत्रों में समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत होनेवाले कर्मियों में सीसीएल मुख्यालय से महाप्रबंधक (उत्खनन) मनोज कुमार प्रसाद, महाप्रबंधक (सामाजिक सुरक्षा) उदित प्रताप नारायण, मुख्य प्रबंधक (वित्त) विनय कांत सिन्हा, कार्यालय अधीक्षक (ए-1) प्रदीप निरल टोप्पो, मेट्रोन (ए-1) जूनिका परपिया, वरीय लिपिक प्रेम सिंह शामिल है।

सीसीएल की ओर से सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन कर सभी को विदाई दी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक (अधिकारी स्थापना) संजय कुमार ठाकुर ने सभी सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को शॉल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, सर्विस सर्टिफिकेट आदि प्रदान कर सम्मानित किया। श्री ठाकुर ने सेवानिवृत हुए कर्मियों से कहा कि सभी अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखें, ताकि वे दूसरे पर निर्भर नहीं रहें।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कायार्नुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (वीडियो क्लिप) प्रदर्शित भी किया गया। इसके माध्यम से सेवानिवृत हुए कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को सभी से साझा किया। कार्यक्रम का संचालन, स्वागत एवं धन्यवाद मुख्य प्रबंधक (कल्याण) श्रीमती केया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का योगदान रहा।

# हाई कोर्ट के आदेश का पालन कर इंटर की पढ़ाई शुरू कराये रांची विवि : युवा आजसू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** युवा आजसू ने शनिवार को अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर उन्हें छात्र-छात्राओं की परेशानियों से संबंधित 8 सूत्री मांग सौंपा। अभिषेक शुक्ला ने कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए तत्काल प्रभाव से रांची विश्वविद्यालय को इंटरमीडिएट में नामांकन प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, क्योंकि राज्य के हजारों छात्र-छात्राएं जो नामांकन के लिए इधर-उधर भटकने को विवश हैं, वे अपनी पढ़ाई आगे सुचारू रूप से जारी रख सकें। साथ ही पीजी वाणिज्य विभाग के नए भवन का निर्माण होने तक उसे किसी अन्य भवन में शिफ्ट किया जाए। मोराबादी स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी में छात्र छात्राओं के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि इंटरमीडिएट मामले पर झारखंड उच्च न्यायालय का आदेश आने के बाद भी अगर सोमवार तक इंटरमीडिएट समेत अन्य मामलों पर रांची विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित में निर्णय नहीं लिया गया तो युवा आजसू आंदोलन, धरना, प्रदर्शन एवं तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे। मौके पर कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मामले को लेकर राजभवन से विचार विमर्श के बाद छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के हित में उचित निर्णय सोमवार को लिया जाएगा।

### ट्रेनों के परिचालन में किया गया बदलाव

**रांची।** आने वाले कुछ दिनों के लिये राज्य से होकर चलने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव में किया गया है। इसमें कुछ ट्रेनों को आने वाले तारीखों में रद्द किया गया है। कुछ ट्रेनों के मार्ग में बदलाव और कुछ को अवधि विस्तार दिया गया है। रांची रेल मंडल की मानें तो ट्रेन संख्या 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन की यात्रा 6 से 28 सितंबर तक प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से प्रस्थान करेगी।

## इस बार 18 लाख हेक्टेयर से ज्यादा भूमि पर धान का आच्छादन का लक्ष्य

# मौसम विभाग के पूर्वानुमान से कृषि विभाग आशान्वित 30 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसल लगाने की तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पिछले दो वर्षों से राज्य में मॉनसून अच्छा नहीं रहने और समय पर वर्षा नहीं होने का बेहद खराब असर खेती पर पड़ा है। पिछले दो साल लक्ष्य से कम क्षेत्र में ही धान और अन्य खरीफ की फसलों का आच्छादन हुआ था। इस वर्ष मौसम विभाग द्वारा राज्य में अच्छी मानसूनी बारिश को देखते हुए कृषि विभाग में 28 लाख हेक्टेयर की जगह 30 लाख हेक्टेयर में खरीफ की फसल लगाने का लक्ष्य रखा है।

बतौर राज्य के कृषि निदेशक डॉ कुमार ताराचंद के अनुसार खरीफ की फसल को लेकर इस सीजन के लिए विभाग ने काफी पहले से तैयारियां शुरू कर दी थी। समय पर बीज के टेंडर होने से राज्य के ज्यादातर लाभुक किसानों तक अलग-अलग योजनाओं के तहत मुफ्त मिलने वाले बीज पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में धान के अलावा अरहर, मूंगफली और मूंग के बीज भी वितरित किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में सीमित किसानों को बजट के अनुसार ही खरीफ फसलों के बीज उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं है, बल्कि तीन योजनाओं के तहत किसानों को बजट के अनुसार सीड यानी बीज उपलब्ध कराए जाते हैं। उन्होंने बताया कि एसईपी यानि सीड एक्सचेंज पालिसी, बिरसा कृषि विकास योजना और नेशनल फूड सिक्योरिटी के तहत केंद्र से मिलने वाले बीज को 15-20 प्रतिशत किसानों में वितरित किया जाता है, बाकी बीज किसान अपनी जरूरत के अनुसार बाजार से क्रय करते हैं।

विभाग के अनुसार इस वर्ष लगभग 30 लाख हेक्टेयर में खरीफ की फसल आच्छादन का लक्ष्य है। इसमें अकेले 18 लाख हेक्टेयर से ज्यादा भूमि पर धान का आच्छादन का लक्ष्य है।

कृषि निदेशक बताते हैं कि किसानों के खेतों की मिट्टी जांच के लिए सैंपल भी लिये गए हैं। धान के साथ साथ तिलहन, दलहन और मोटे अनाज की खेती को भी बढ़ावा देने की योजना को धरातल पर उतारा जा रहा है।

## बारिश और उमस भरे मौसम को लेकर पारस अस्पातल की सलाह

# बाहर के खान-पान में सावधानी बरतें और हमेशा हाइड्रेटेड रहें

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। पारस अस्पताल के डॉ. परमार शिव कृष्ण ने इस मौसम में बचाव के तरीके बताए हैं। डॉक्टर के अनुसार गर्मी और उमस बढ़ने से समर कोल्ड यानि नजला, जुकाम खांसी और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। कारण है कि मौसम में उमस से शरीर पर पसीना आता है। इसमें ठंडा पानी या बर्फ का सेवन करने से बचना चाहिए। ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करने से गला खराब होने, नजला, जुकाम, खांसी होने के साथ वायरल बुखार होने की आशंका रहती है। इसमें छींक आना, नाक बंद होना, या नाक बहना गले में खराश होना आदि लक्षण होते हैं इसलिए स्वस्थ रहने के लिए खान-पान में सावधानी बरतनी चाहिए। फ्लू और सर्दी जैसे संक्रमणों से बचने के लिए गर्म और सूखा रहना महत्वपूर्ण है। बरसात के मौसम के बाद कई बार गर्मी बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, जिससे हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए अपने हाइड्रेटेड करते रहे। अगर गलती से भीग भी गए हैं, तो तुरंत शरीर को सुखाएं और कपड़े बदलें। इसके बाद चाय-कॉफी जरूर पिएं। नहाने के लिए गुनगुने पानी का प्रयोग करें। डॉक्टर ने कहा कि कभी अचानक से गर्मी बढ़ जाती है, तो कभी बारिश का मौसम हो जाता है। इस तरह के लगातार बदलाव के दौरान हमारे शरीर की इम्यूनिटी काफी प्रभावित होती है। इसलिए गर्मी और उमस को मात देने के लिए मानसून में पानी, जूस, नारियल पानी का सेवन करते रहना चाहिए।

# बच्चे का कर दिया पेट का ऑपरेशन फिर किया मृत घोषित

## पारस अस्पताल में बच्चे की मौत पर परिजनों ने मचाया जमकर हंगामा

**दोपहर में हुआ था एक्सीडेंट, शाम में मौत मेरे पोते का मर्डर किया गया है : दिनेश गुप्ता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पारस अस्पताल में शनिवार की शाम बच्चे की मौत पर उसके परिजनों ने जमकर हंगामा मचाया। जिस बच्चे की मौत हुई है, वह खूंटी का रहनेवाला है। उसके पिता रवि गुप्ता खूंटी में रहकर ही किराये पर गाड़ी चलाते हैं। 15 वर्षीय बच्चे का नाम अभिज्ञान साहू था। बच्चे की मौत पर पूरा परिवार पारस अस्पताल पहुंचा और जमकर हंगामा मचाया। हंगामा की सूचना पर धुर्वा थाना पुलिस मौके वारदात पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बच्चा का दिउड़ी मंदिर के समीप एक्सीडेंट हुआ था। परिजनों ने पारस अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल प्रबंधन की ओर से एक लाख रूपये की डिमांड की गई। परिजनों ने एक लाख रुपये जमा भी करवा दिये। इसके बाद रवि गुप्ता के पुत्र को ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया। ऑपरेशन थियेटर में उसके पेट का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के कुछ देर बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने वहां पर हंगामा करना शुरू कर दिया। बच्चे के दादा दिनेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि उनका पोता ठीक था। डॉक्टरों ने जब बच्चे की जांच की तो कहा कि न तो इसे हेड इंज्यूरी है, न ही पेट या शरीर के अन्य भाग में चोट है। इसके थोड़ी देर बाद डॉक्टर ने परिजनों को बताया कि बच्चे का जल्द से जल्द इलाज कराना होगा। फिर, बच्चे को ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया। दस मिनट के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जब बच्चे की डेड बॉडी सौंपने की बात सामने आई तो अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों ने डेढ़ लाख रुपये मांगे। जब परिजनों ने विरोध किया तो बात दस हजार तक आयी। जब उसे भी देने से मना कर दिया तो वे लोग बॉडी को ले जाने की बात कहने लगे। इस बाबत बच्चे के दादा दिनेश प्रसाद गुप्ता ने धुर्वा थाने में डॉक्टरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी।

## स्वास्थ्य मंत्री ने जेनेटिक अस्पताल मामले की जांच का दिया आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेनेटिक अस्पताल मामले में स्वास्थ्य मंत्री की ओर से संज्ञान लिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मामले में स्वास्थ्य सचिव को तीन दिनों के अंदर मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। विभागीय रिपोर्ट के आधार पर जेनेटिक अस्पताल पर कार्रवाई की जायेगी। इसके पहले झारखंड हाई कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया है। जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य सचिव को मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि पिछले दिनों बूटी मोड़ स्थित जेनेटिक अस्पताल में महिला को नवजात शिशु से अलग करते हुए बंधक बनाने का मामला सामने आया था।

## रिम्स में सफाई के 121 कर्मचारी थे कार्यरत, एजेंसी ने 188 कर्मियों का मांगा पेमेंट, निदेशक ने की कार्रवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स डायरेक्टर डॉ राजकुमार ने हॉस्पिटल में काम करने वाली सफाई एजेंसी पर कार्रवाई की है। वहीं एजेंसी को गलत रिपोर्ट देने को लेकर चेतावनी भी दी है। उन्होंने बताया कि सेवा प्रदाता द्वारा सफाई कर्मचारियों के बिल में कई प्रकार की अनियमिताएं पाई गई हैं। इसी वजह से बिल भुगतान में विलंब हुआ है। उन्होंने कहा कि रिम्स में 121 कर्मचारी कार्यरत थे, जबकि सफाई एजेंसी ने 188 कर्मचारियों का बिल दिया था। जांच में अनियमितता पाए जाने पर बिलिंग क्लर्क को शोकॉज नोटिस किया गया है। फाइल में भी कई तरह की अनियमितता देखने को मिली है।

**जांच के लिए गठित की गई थी कमिटी :** उन्होंने कहा कि इसकी जांच के लिए कमिटी का गठन किया गया था। कमिटी ने भी बताया कि फाइल में काफी अनियमितताएं है। इसके बाद 121 कर्मियों का पेमेंट रिलीज करने का आदेश दे दिया गया। डॉ राजकुमार ने कहा कि सफाई करने वाली एजेंसी जितने लोगों से काम करा रही है और उससे अधिक का बिल उन्होंने दिया था। इस पर कहा कि ऐसा रिम्स में अब नहीं चलेगा, जो उचित था, उनलोगों के बिल पेमेंट का आदेश दे दिया गया है। ठेकेदार के कहने पर कुछ कर्मचारी मेरे पास शिकायत लेकर पहुंचे। उन्हें भी हमने फाइल दिखाई, जिसे वे समझ गए कि सफाई एजेंसी किस तरह से अनियमितता बरत रही थी।

**कांट्रैक्टर और सप्लायरों के लिए एसओपी जारी :** डायरेक्टर ने कहा कि सभी कांट्रैक्टर और सप्लायरों के लिए एसओपी जारी किया गया है। महीने के अंत में फाइल और बिल जमा कर दें। जांच के बाद ये फाइलें मेरे पास भेजी जाएगी। अगर कोई कर्मचारी या क्लर्क फाइल को रोकता है या फिर जान बूझकर गड़बड़ी करता है तो ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी एसपी के नेतृत्व में टीम गठित, अपराधियों की तलाश जारी

# दुकान में हुई डकैती के विरोध में सड़क पर उतरे ज्वेलर्स, पुलिस को दिया दो दिनों का अल्टीमेटम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में शुक्रवार को हुई भीषण डकैती की घटना को लेकर राजधानी के ज्वेलर्स आक्रोशित हैं। अपराधियों ने सिर्फ लूट की घटना को अंजाम नहीं दिया था बल्कि दुकान मालिक को गोली भी मारी थी। इस घटना के विरोध में शनिवार को राजधानी रांची की सभी ज्वेलरी दुकानें बंद रहीं। सभी ज्वेलर्स ने विरोध मार्च भी निकाला। इस दौरान आभूषण व्यवसायियों ने रांची पुलिस को दो दिनों में अपराधियों को गिरफ्तार करने का अल्टीमेटम दिया। ज्वेलर्स का कहना है कि शहर में दो बड़ी लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इससे पहले रांची के पंडरा इलाके में एक ज्वेलर्स से लूट हुई थी और उसमें शामिल अपराधी अभी तक पकड़े नहीं गए हैं, वहीं अब एक और लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। ज्वेलर्स के मुताबिक अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, नहीं तो वे हर दिन सड़कों पर उतरने को विवश होंगे।



### आर्म्स लाइसेंस देने की मांग

ज्वेलर्स के समर्थन में विरोध मार्च में शामिल कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा ने कहा कि लूट की घटना में शामिल अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कुमार राजा ने प्रशासन से अपील की है कि सभी ज्वेलर्स को आर्म्स लाइसेंस मुहैया कराया जाए ताकि अपराधियों में खौफ बना रहे।

### सीसीटीवी में दिखा अपराधियों का दुस्साहस

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि अपराधियों ने किस तरह से लूट की घटना को अंजाम दिया। अपराधी हेलमेट पहनकर ज्वेलर्स की दुकान में घुसे और घुसते ही उन्होंने बंदूक की नोंक पर लूटपाट शुरू कर दी। अपराधियों ने दुकान में रखे सारे जेवरात और कैश लूट लिये और हेलमेट पहने हुए ही बड़े आराम से फरार हो गए।

### रेकी कर दुकान के अंदर पहुंचे थे अपराधी

बिरसा चौक स्थित ज्वेलरी दुकान में लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए सभी अपराधी काफी दिनों से रेकी कर रहे थे। जैसे ही पीसीआर वैन बिरसा चौक के पास से दूसरी तरफ बढ़ी, सभी अपराधी दुकान में घुस गए। करीब 10 मिनट बाद अपराधियों ने चार बड़े बैग में सारे जेवरात और नकदी निकाल ली और पैदल ही बिरसा चौक की ओर भाग निकले।

## जगन्नाथपुर थाना के दारोगा व जमादार समेत चार सस्पेंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बिरसा चौक के पास डीपी ज्वेलर्स लूटकांड मामले में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया है। इन पुलिसकर्मियों में एक दारोगा, एक जमादार और दो सिपाही हैं। सभी पर काम के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप है। एसएसपी ने कहा कि अन्य एक मामले में पुलिस केंद्र के तीन पुलिसकर्मियों को भी सस्पेंड किया गया है। इधर, अपराधियों की तलाश में पुलिस खोजी कुत्ते की मदद ले रही है। अपराधियों का सुराग पाने के लिए एसएसपी ने सिटी एसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित की है। गठित टीम सीसीटीवी फुटेज, कॉल डंप के आधार पर अपराधियों की तलाश कर रही है। पुलिस की एक टीम शनिवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में जाकर जेल से छूटे अपराधियों के बारे में भी पूछताछ की। पुलिस को आशंका है कि जेवर लूटकांड घटना को अंजाम बाहर के अपराधियों ने दिया है। पुलिस रिंग रोड से लेकर टोल तक अपराधियों के सुराग में जुटी है।

**केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने जताई नाराजगी :** डीपी ज्वेलर्स में 1 करोड़ 40 लाख रुपये मूल्य के जेवर और नगदी लूट के मामले में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शनिवार को प्रभावित परिवार से घर और अस्पताल में मिले। पूरी घटना की जानकारी ली। नाराजगी जाहिर करते कहा कि बिरसा चौक जैसे व्यस्ततम जगह पर दिनदहाड़े इतनी बड़ी घटना का होना चिंता का विषय है। उन्होंने राज्य सरकार से अविलंब घटना के दोषियों पर ठोस कार्रवाई करने को कहा।

## विधानसभा में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखण्ड विधान सभा के विधायी शोध संदर्भ एवं प्रशिक्षण कोषांग की ओर से शनिवार को झारखंड विधान सभा सचिवालय के मार्शल, सहायक मार्शल एवं सुरक्षा कर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुरक्षा संवर्ग कर्मियों के कार्य एवं दायित्व विषय पर झारखंड विधानसभा के मार्शल एवं सहायक मार्शल तथा सुरक्षा संवर्ग के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने के लिए संसाधन पुरुष के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा से मार्शल ,कैप्टन मनीष चंद्र राय एवं बिहार विधानसभा से प्रधान मार्शल उत्पल तथा झारखंड विधानसभा के सेवानिवृत्त संयुक्त सचिव उदयभान सिंह शामिल हुए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पालियों में आयोजित किया गया था। झारखंड विधानसभा सचिवालय की ओर से प्रशिक्षणार्थियों के अतिरिक्त झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर, उप सचिव रजी बंटी एवं अवर सचिव रवि शंकर प्रसाद कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## सच की हुई जीत, भाजपा की साजिश का हुआ पर्दाफाश : रानी कुमारी



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सच की जीत हुई है। न्यायपालिका ने सच का साथ दिया। श्री सोरेन जेल से बाहर आए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक सोची समझी साजिश के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा। झूठे, मनगढ़ंत और बेबुनियाद आरोप लगाकर श्री सोरेन को पांच महीने तक जेल में बंद रखा। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने मामले की जांच में निष्पक्षता बरतते हुए सच का साथ दिया। रानी कुमारी ने कहा कि झारखंड के विकास में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद भाजपा के साजिश का पर्दाफाश हो गया है।

## रांची लोकसभा सीट को लेकर प्रदेश कांग्रेस चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की हुई बैठक




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर शनिवार को रांची लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा बिहार क्लब सभागार में किया गया। बैठक में चुनाव परिणाम समीक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू तथा सदस्यगण क्रमशः प्रदीप तुलस्यान,भीम कुमार एवं सुल्तान अहमद मौजूद रहे। वहीं रांची लोस क्षेत्र की पार्टी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, रांची जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा एवं सरायकेला-खरसांवा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अम्बुज कुमार उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा क्षेत्र के जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखण्ड पदाधिकारियों ने बारी-बारी से प्रखण्ड में चुनाव अभियान का अनुभव एवं परिणाम के विषय में विस्तृत जानकारी दी। परिणाम समीक्षा समिति के सदस्यों ने एक-एक पदाधिकारियों की बातों को गंभीरता से सुना एवं उसको नोट किया। समीक्षा बैठक में लोकसभा चुनाव में रांची सीट से अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाने कारणों को बारीकी से समझने की कोशिश की गई तथा जहां-जहां चूक हुई उन गलतियों से सबक लेते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। समीक्षा बैठक में अनादि ब्रम्ह, केशव महतो कमलेश, लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, सुनील सहाय, विनय सिन्हा दीपु, सुरेन्द्र सिंह, सतीश पॉल मुंजनी, सुरेश बैठा, बेलस तिर्की, सुंदरी तिर्की, कमल ठाकुर, बबलु शुक्ला, मेरी तिर्की, चंदन बैठा, नीतु देवी, शाहीद अहमद, इंदिरा देवी, नीतु देवी, ऐनुल हक, रमेश पांडे, नागेंद्र नाथ गोस्वामी, महताब आलम, सुधा देवी, जगदीश चंद्र महतो, विक्की, कुमार गौरव, जमील अख्तर, अमन अहमद, अजय साहु सहित लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने किया।

## हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर आदित्य विक्रम जायसवाल ने की पूजा, भोग वितरण किया



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि आदित्य विक्रम जयसवाल ने झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर शनिवार को रांची थड़पखना स्थित शनि मंदिर में भगवान शनिदेव महाराज की पूजा-अर्चना कर भक्तजनों के बीच भोग का वितरण किया।

इस मौके पर आदित्य जयसवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई होने पर सत्य की जीत हुई है। लोकतंत्र मजबूत हुआ है। आमलोगों का अदालत पर विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि शनिवार के दिन सच्ची श्रद्धा से भगवान शनिदेव की पूजा करने से भक्तों को उनकी कृपा अवश्य मिलती है और सारे दोष दूर होते हैं। मैं हमेशा राज्य के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति के लिए प्रार्थना करता रहता हूं। सच्चे दिल से प्रार्थना की थी कि हेमंत सोरेन जी की रिहाई हो और वह मनोकमना पूर्ण हुई है।

## पी. एम. पोषण योजना के तहत स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक

# छात्र-छात्राओं को समय पर मध्याह्न भोजन मिले, यह सुनिश्चित करें: डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, रांची जिला स्तरीय स्टीयरिंग मॉनिटरिंग कमिटी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर शनिवार को समाहरणालय सभागार में पी.एम. पोषण योजनान्तर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची मिथलेश केरकेप्ता, सिविल सर्जन कार्यालय रांची के प्रतिनिधि एवं सम्बंधित सभी अधिकारी/ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला के विद्यालयों में माह मई 2024 छात्रों की उपस्थिति 65.66 प्रतिशत रही। एक लाख 33 हजार 102 बच्चे माह जून 2024 में मध्याह्न भोजन से लाभान्वित हुए। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में विद्यालयों तक चावल पहुंच के लिए निविदा के माध्यम से एजेंसी के द्वारा विद्यालय में चावल पहुंचाया गया था। इसमें निविदा एकरारनामा के अंतर्गत निविदा दाता द्वारा बैंक गारंटी उपलब्ध कराया गया था। बैंक द्वारा पत्र के माध्यम से बताया गया है कि बैंक गारंटी की समय सीमा समाप्त हो चुकी है ऐसी स्थिति में उक्त राशि का क्या किया जाए। उपायुक्त रांची के निर्देशानुसार उक्त राशि को जिला शिक्षा अधीक्षक के पद नाम से संचालित बैंक खाता में सुरक्षित रख लिया जाए। जब तक निविदा दाता द्वारा बैकलॉग चावल विद्यालय उपलब्ध नहीं कर दिया जाता तब तक वह राशि जिला शिक्षा अधीक्षक के पद नाम से संचालित खाता में सुरक्षित रहेगी।

जानकारी हो कि मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत जिले में कुल-2128 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन संचालित है। इसके अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय-2190 एवं मध्य विद्यालय-791, उच्च विद्यालय-47 एवं मॉडल विद्यालय-08 उच्च विद्यालय में शामिल है।

## लेप्रोसी कॉलोनी के लाभुकों को आवास आवंटन के लिए शीघ्र लॉटरी निकालने का निर्देश

# इस्लाम नगर के लाभुकों को जुलाई तक हर हाल में करायें शिफ्ट: अरवा राजकमल

**पीएमएवाई के लाभकों को प्रोत्साहित करने के लिए बैंकों के साथ मिल कर लोन मेला लगाने का निर्देश**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची में नवनिर्मित इस्लाम नगर के लाभुकों को जुलाई के अंत तक हर हाल में शिफ्ट कराने निर्देश दिया गया है। यह निर्देश नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने दिया है। श्री राजकमल ने शनिवार को जुपमी के सभागार में सभी नगर निकायों द्वारा क्रियान्वित कराई जा रही योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। श्री राजकमल ने रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार को निर्देश दिया आनि में निर्मित लेप्रोसी कॉलोनी का हैंड ओवर जुडको से लेकर लाटरी आयोजित की जाये और आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाये। इस योजना के लाभुकों को शिफ्ट भी कराया जाये। लेप्रोसी कालोनी जी प्लस एक के तहत सात ब्लॉक में बना है। सभी 256 आवासों में राज्य सरकार की ओर से पंखा, ट्यूब लाइट, डोर वेल, वाटर एवं बिजली कनेक्शन दिया गया है। लेप्रोसी प्रभावित लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निःशुल्क आवास राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। जल्द बाउंड्री वाल भी बनेगा।

सचिव ने रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार को निर्देश दिया कि इस्लाम नगर कॉलोनी को हैंड ओवर लेकर जुलाई के अंत तक हर हाल में लाभुकों शिफ्ट करा दिया जाये। यहां लाभुकों को 6.25 लाख कीमत वाले एक आवास के लिए सिर्फ 50 हजार रुपये देने पड़े हैं। इस्लाम नगर में 21 करोड़ रुपये की लागत से कुल 291 आवास जी प्लस तीन की शैली मे बने हैं। यहां भी आवास में लाभुको को सभी संसाधन मुफ्त मुहैया कराया गया है। यहां बाउंड्री भी है।


समीक्षा के दौरान कई नगर निकाय कार्यपालक पदाधिकारियों ने सचिव को बताया कि पीएमएवाई वर्टिकल तीन के तहत लाभुकों ने गैरमजरूआ जमीन पर सहायता राशि प्राप्त कर ली है। इस पर सचिव राजकमल ने कड़ा रूख अख्तियार करते हुये कहा कि ऐसे लोगों की सूची तैयार कर संबंधित उपायुक्तों को उपलब्ध कराते हुये उनके विरुद्ध न्याय संगत कार्रवाई की जाये। उन्होंने यह भी कहा कि सीएनटी-एसपीटी जमीन पर किसी भी हाल में वर्टिकल तीन के लिए लाभुकों को सहायता राशि नहीं दी जाये। पीएमएवाई के प्रति लाभुकों को आकर्षित करने के लिए उपायुक्तों की समन्वय से बैंकों के साथ लोन मेला लगाया जाये। जुडको के डीपीडी उत्कर्ष मिश्र ने ई- गवर्नेंस पर प्रस्तुतिकरण दिया।

## राजधानी रांची में छाये मॉनसून के बादल, कई जगहों पर हुई बारिश

# पलामू, गढ़वा समेत झारखंड के छह जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने पलामू, गढ़वा समेत उत्तर-पश्चिमी झारखंड और उससे सटे उत्तरी हिस्से में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। शनिवार को मौसम केंद्र की ओर से जारी येलो अलर्ट में कहा गया है कि झारखंड के उत्तर-पश्चिमी तथा निकटवर्ती उत्तरी भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी हिस्से में पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा जिले आते हैं। इधर, शनिवार को राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में मॉनसूनी बादल छाये हुए हैं और कई जगहों पर बारिश भी दर्ज की गयी। बारिश से तापमान में गिरावट आयी है। भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिल गयी।



**यूपी में साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से झारखंड में वर्षा :** मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया बना हुआ है। वहीं, उत्तर प्रदेश से एक ईस्ट-वेस्ट ट्रफ पूर्वी उत्तर प्रदेश में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन की ओर बढ़ रहा है, जिससे झारखंड के कई जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।

**सरायकेला में हुई सबसे ज्यादा 33.5 मिमी वर्षा :** अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान सरायकेला में सबसे ज्यादा 33.5 मिलीमीटर वर्षा हुई। डालटेनगंज का उच्चतम तापमान झारखंड में सबसे ज्यादा रहा। यहां का अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेंटीग्रेड रहा, जो राजधानी रांची में दर्ज किया गया।

**झारखंड में अब तक 54.3 मिमी हुई बारिश, सामान्य से कम :** झारखंड में मानसून सीजन में हुई बारिश की बात करें, तो अब तक 54.3 मिलीमीटर वर्षा हुई है। एक जून से 29 जून के बीच झारखंड में होने वाली सामान्य वर्षा से 70 फीसदी कम है। इस समयावधि में झारखंड में 181.4 मिलीमीटर वर्षा को सामान्य वर्षा कहा जाता है। झारखंड का कोई ऐसा जिला नहीं है, जहां आज की तारीख में वर्षा की कमी 50 फीसदी से कम हो।

